# राज्यपाल ने आयुष्मान भव अभियान के शुभारम्भ समारोह में भाग लिया

## शिमला में आयोजित आयुष्मान भव राज्य स्तरीय कार्यक्रम की अध्यक्षता की

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**

**भारत की राष्ट्रपति,** द्रौपदी मुर्मु ने आज गुजरात से वीडियो कॉन्फ्रें सिंग के माध्यम से आयुष्मान भव अभियान का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने आयुष्मान भव पोर्टल भी लॉच किया। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मंडाविया ने नई दिल्ली से कार्यक्रम में भाग लिया। इस समारोह में विभिन्न राज्यों के राज्यपाल, उप-राज्यपाल, मुख्यमंत्री, संसद सदस्य और स्वास्थ्य मंत्री भी वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए.राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल भी



वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हिमाचल प्रदेश राज्य सचिवालय से आयुष्मान भव अभियान के शुभारम्भ समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ. कर्नल धनी राम शांडिल भी उपस्थित थे। इसके उपरान्त, राज्य स्तर पर आयोजित आयुष्मान भव कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए राज्यपाल ने कहा कि सबके सहयोग से देश के स्वास्थ्य क्षेत्र में तेजी से सकारात्मक बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि सभी के प्रयासों से देश ने बहुत ही कम समय में कोरोना वैक्सीन तैयार की और दूरदराज के क्षेत्रों तक भी इसकी पहुंच सुनिश्चित की। इसी भावना के साथ देश ने सबसे प्रभावी कोविड टीकाकरण अभियान को सफ ल बनाया। उन्होंने कहा कि कोई भी अभियान सामूहिक प्रयासों और विश्वास से सफल होता है और इसी भावना के साथ हमें आयुष्मान भव अभियान को आगे बढ़ाना है। राज्यपाल ने कहा कि विभिन्न स्वास्थ्य मापदंडों पर हिमाचल प्रदेश के सूचकांक अन्य राज्यों की तुलना में काफ ी बेहतर है और आशा है कि इस अभियान से स्वास्थ्य क्षेत्र में राज्य के सूचकांकों में और सुधार होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री टीण्बीण मुक्त भारत अभियान को देश में प्रभावी ढंग से क्रियान्वित किया जा रहा है और वर्ष 2025 तक टीबी उन्मूलन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। हिमाचल प्रदेश में इस अभियान में आशातीत प्रगति हुई है और राज्य इस लक्ष्य को वर्ष 2023 में ही प्राप्त कर लेगा।

# राबमापा फतेहपुर में कल अंडर-19 खेलकूद प्रतियोगिता का होगा शुभारम्भ

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहपुर/ कांगड़ा/ विजय समयाल**

**विधानसभा मुख्यालय** फ तेहपुर के तहत पड़ते आदर्श राबमापा फतेहपुर में 15 सितंबर से अंडर-19 खेलकूद प्रतियोगिता शुरू होने जा रही है। जिसमें मुख्यातिथि के तौर पर फ तेहपुर बिधायक भबानी सिंह पठानिया शिरकत करेंगे। इस बारे बुधबार को जानकारी देते हुए प्रधानाचार्य मैडम कमलेश कुमारीं शर्मा ने बताया अंडर-19 लड़कियों की खेलकूद प्रतियोगिता 15 सितंबर से 17 सितंबर तक होगी। बताया जोन स्तरीय प्रतियोगिता दौरान 42 स्कूलों की करीब 250 लड़कियां हिस्सा लेंगी, खेलकूद प्रतियोगिता में हिस्सा लेने बाली लड़कियों के लिए स्कूल कैम्पस में ही सारी सुबिधायें उपलब्ध करबाई जाएंगी।



उन्होंने दूर-दराज से खेलकूद प्रतियोगिता में पहुँचने बाली लड़कियों के अभिभाबकों को आश्बासत करबाया की लड़कियों को प्रतियोगिता दौरान किसी भी तरह की असुविधा नही होगी। वहीं कहां अगर कोई लडकी खिलाड़ी अपने परिजनों से बात करना चाहती है तो बो खुद उसकी बात परिजनों से करबायेगी। बताया प्रतियोगिता के शुभारम्भ अबसर पर स्थानीय बिधायक भबानी सिंह पठानिया मुख्यतिथि के तौर पर शिरकत करेंगे। बताया प्रतियोगिता लड़कियो की है इसलिए लड़कियों के स्वास्थ्य ब सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य बिभाग ब पुलिस बिभाग से भी सहयोग मांगा गया है। वहीं इस दौरान प्रधानचार्य ने स्कूल स्टाफ के साथ बैठक कर भिन्न-भिन्न टीमो का गठन कर जिम्मेवारियाँ भी सौंपी।

# थोड़ी सी बारिश के बाद ही बह गया बाल्द नदी पर बना अस्थाई पुल

## नैश्नल-हाईवे की कार्यप्रणाली व सी.पी.एस. के वायदों पर उठाए सवाल

**टीम एक्शन इंडिया/बद्दी/जोगिन्द्र चन्देल**

सोमबार रात को हुई बारिश के चलते बद्दी बालद नदी पर बनाया गया अस्थाई पुल भी क्षतिग्रस्त हो गया यह पुल बीबीएन को पड़ोसी राज्यों हरियाणा- पंजाब व चण्डीगढ़ से जोडता है। पानी का बहाव ज्यादा होने के चलते स्वारियो से भरी एक बस इस अस्थाई पुल पर फस गई। प्रशासन द्वारा मौके पर कार्यवाही करते हुये हायड्रा मंगवाकर इस बस को बाहर निकाला गया जिसके तुरंत बाद इस अस्थाई मार्ग को बड़े वाहनों के लिए बंद कर दिया है व अभी सिर्फ पैदल चलने वालों के लिए इस रास्ते को खोला हुआ है। विदित हो



कि पिछले कुछ दिनों पहले हुई भारी बरसात के चलते बद्दी को पंजाब, हरियाणा व चंडीगढ़ से जोडने वाला पुल भारी बारिश की भेंट चढ़ गया था व इस पुल पर सभी प्रकार के वाहनों की आबाजाही को बंद कर दिया गया था। जिसके चलते क्षेत्र में जाम की भयंकर समस्या हो गई थी। इसी बीच कुछ समाजसेवियों ने अपने दम पर बालद पुल के बिल्कुल साथ एक अस्थाई पुल बना दिया था जिसे बी.बी.एन. प्रशासन व नैशनल- हाईवे आथोरिटि ने सेफ नहीं बताया था। बाबजूद इसके कुछ लोगों ने मिडिया की सुर्खियां बटोरने के लिए प्रशासन की भी नहीं मानी व राजनैतिक दबाब बनाकर यह अस्थाई पुल चालु कर दिया। इस पुल से दो दिन तक छोटे बड़े वाहनों की आबाजाही हुई व जिसके बाद जाम से भी लोगों को राहत मिली। कोई अप्रिय घटना न हो इसलिए प्रशासन की टीम इस पुल के आसपास ही डटी रही । सोमबार रात को जैसे ही थोड़ी बारिश हुई व बरसात का पानी इस अस्थाई पुल के ऊपर से गुजरने लगा वैसे ही यह अस्थाई पुल क्षतिग्रस्त हो गया। सवारियों से भरी एक बस इस दौरान पुल के पास थोड़ी टेड़ी हो गई व पानी का बहाव बड़ रहा था जिसके बाद तुरंत बाद बद्दी पुलिस की टीम व एस.एच.ओ. राकेश राय मौके पर पहुंच गये और कड़ी मश्कत के पश्चात हायड्रा मंगवाकर पहले तो बस व स्वारियों का सुरक्षित निकाला जिसके बाद इस पुल पर आने वाली ट्रैफिक को रोका गया ताकि कोई बड़ा हादसा न हो। एक तरफ तो नैशनल- हाईवे पर जो पुल बन रहा है उसे सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखकर बनाया जा रहा है ताकि लोगों की सुरक्षा पर किसी प्रकार की कोताही न हो सके। वहीं दूसरी और कुछ लोगों ने मिडिया में बाहवाही लूटने के लिए लोगों की सुरक्षा को दाव पर लगा दिया जिसका जीता-जागता उदाहरण बीती रात सवारियों से भरी फसी एक बस है । नैश्नल-हाईवे की कार्यप्रणाली व सी.पी.एस. के वायदों पर उठाए सवाल स्थानीय लोगों रोहित, सतविंदर, गोपाल, मनीष कुमार, जितेंद्र कुमार, राजेश कुमार, सुरेन्द्र सिंह, जयपाल, रामदित्ता, , श्याम चंदेल समेत अनेक लोगों का कहना है कि बद्दी बालद पुल क्षतिग्रस्त होने के चलते लोगों को घंटों जाम से दो चार होना पड़ रहा है। पुल के क्षतिग्रत होने के कारण उद्योगों को हर रोज लाखों- करोड़ो का नुकसान हो रहा है व जाम की बजह से कच्चा माल मंगवाने व तैयार माल भेजने में भारी परेशानी हो रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### जिला सोलन में उचित मूल्य की सात नई दुकानें खोलने के लिए आवेदन आमंत्रित

**टीम एक्शन इंडिया/सोलन/मनीश। जिला सोलन** की सार्वजनिक वितरण समिति की बैठक में जिला के सात स्थानों एवं ग्राम पंचायतों में उचित मूल्य की नई दुकानें खोलने का निर्णय लिया गया है। यह जानकारी गत दिवस को जिला खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति नियंत्रक नरेन्द्र कुमार धीमान ने दी। उन्होंने कहा कि समिति के निर्णय के अनुसार जिला के विकास खण्ड नालागढ़ की ग्राम पंचायत बायला के गांव बायला, ग्राम पंचायत मानपुरा के गांव ठेडा तथा ग्राम पंचायत बारियां के गांव महुआ, विकास खण्ड धर्मपुर की ग्राम पंचायत गोयला के गांव छमकड़ी, छावनी क्षेत्र कसौली के कसौली, विकास खण्ड धर्मपुर की ग्राम पंचायत कसौली–गढखल के गांव कसौली तथा नगर निगम सोलन के शिल्ली रोड़, वार्ड नम्बर 09 उचित मूल्य की नई दुकानें खोली जानी हैं।उन्होंने कहा कि इच्छुक व्यक्ति अथवा संस्थाएं इन स्थानों पर उचित मूल्य की दुकानें खोलने के लिए ऑनलाईन माध्यम से आवश्यक सूचना एवं अन्य दस्तावेज वेबसाइट पर अपलोड कर आवेदन किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इच्छुक व्यक्तियों एवं संस्थाओं को इस कार्य के लिए वेबसाइट का उपयोग करना होगा। आवेदन करने की अंतिम तिथि 27 सितम्बर,2023 निर्धारित की गई है।

### खाद्य वस्तुओं के मूल्य दर निर्धारित

**टीम एक्शन इंडिया/सोलन/मनीष। जिला दण्डाधिकारी** सोलन मनमोहन शर्मा ने हिमाचल प्रदेश जमाखोरी एवं मुनाफ ाखोरी रोकथाम आदेश, 1977 के खंड 3 आई (ई) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला सोलन में विभिन्न खाद्य वस्तुओं के अधिकतम खुदरा मूल्य निर्धारित करने के सम्बन्ध में अधिसूचना जारी की है। अधिसूचना में स्पष्ट किया गया है कि अधिकतम खुदरा मूल्य में खाद्य वस्तुओं के सभी कर एवं अन्य आकस्मिक प्रभार सम्मिलित होंगे। अधिसूचना के अनुसार बकरा एवं भेड़ा का मीट 500 रुपये प्रति किलोग्राम, सुअर का मीट 250 रुपये प्रति किलोग्राम, चिकन ड्रेस्ड 200 रुपये प्रति किलोग्राम, ब्रॉइलर ड्रेस्ड 200 रुपये प्रति किलोग्राम, बिना तली मछली 250 रुपये प्रति किलोग्राम, तली हुई मछली 300 रुपये प्रति किलोग्राम, जीवित चिकन का मूल्य 150 रुपये प्रति किलो निर्धारित किया गया है। अधिसूचना के अनुसार तंदूरी चपाती प्रति 08 रुपये, तवा चपाती प्रति 07 रुपये, भरा हुआ परांठा प्रति 30 रुपये, चावल, चपाती, दाल और सब्जी फु ल डाईट प्रति 80 रुपये, पूरी प्लेट चावल फु ल प्लेट 50 रुपये, दाल फ्र इ प्रति प्लेट 60 रुपये, मीट करी प्रति प्लेट 120 रुपये, चिकन करी प्रति प्लेट 100 रुपये,सब्जी स्पेशल प्रति प्लेट 70 रुपये, मटर/पालक पनीर प्रति प्लेट 90 रुपये, सब्जी/चना एवं दही के साथ दो पूरी प्रति प्लेट 50 रुपये तथा रायता का मूल्य प्रति प्लेट 50 रुपये निर्धारित किया गया है।

### एजिलस डायग्नोस्टिक्स ने हिमाचल प्रदेश में अत्याधुनिक लेबोरेट्री शुरू की

**टांडा:** फोर्टिस हेल्थकेयर लिमिटेड की सहायक कंपनी एजिलस डायग्नोस्टिक्स ने आज हिमाचल प्रदेश के टांडा में एक नई लेबोरेट्री शुरू करने की घोषणा की। इस उन्नत लेबोरेट्री में साधारण नियमित परीक्षणों से लेकर अर्ध विशिष्ट और विशिष्ट परीक्षणों तक एक महीने में 30000 से ज्यादा नमूनों को संसाधित करने की क्षमता है। गुणवत्तापूर्ण नैदानिक सेवाओं की बढ़ती मांग को पहचानते हुए एजिलस ने टांडा में इस लेबोरेट्री को



लॉन्च करके अपनी क्षमताओं का विस्तार किया है। टांडा के नागरिकों को अब एजिलस के व्यापक परीक्षण मेनू तक पहुंच प्राप्त होगी जिसमें 3000 से ज्यादा परीक्षण और अच्छी तरह से तैयार किए गए निवारक स्वास्थ्य देखभाल पैकेजों की एक श्रृंखला शामिल है।शिमला में अपनी मौजूदा लैब के साथ अब टांडा में यह नई एजिलस लैब कांगड़ा, पालमपुर और धर्मशाला के लोगो को भी सेवाएं देगी। एजिलस डायग्नोस्टिक्स के प्रबंध निदेशक और सीईओ आनंद के ने कहा, एजिलस डायग्नोस्टिक्स राज्य सरकार के साथ एक पीपीपी परियोजना के माध्यम से एक दशक से अधिक समय से हिमाचल प्रदेश में आबादी की जरूरतों को पूरा कर रहा है। अब हम अपनी लेबोरेट्री सुविधाओं के माध्यम से अपनी सेवाओं का विस्तार करने के लिए उत्साहित हैं। हमने अपने ग्राहकों के लाभ के लिए होम कलेक्शन सेवाओं को भी सक्षम किया है, इसके अलावा अन्य मूल्यवर्धित सेवाओं जैसे हमारी वेबसाइट और सहज मोबाइल ऐप के माध्यम से परीक्षणों का ऑर्डर देना,व्हाट्सएप के माध्यम से डायग्नोस्टिक रिपोर्ट प्राप्त करना आदि को भी शुरू किया है।इसके अलावा हमारा मानना है कि हमारा विस्तृत परीक्षण मेनू स्थानीय नागरिकों और डॉक्टरों को बड़ी संख्या में परीक्षणों तक पहुंचने में मदद करेगा। 3000 वर्ग फुट में फैली उन्नत लेबोरेट्री में हेमेटोलॉजी,बायोकैमिस्ट्री,क्लिनिकल पैथोलॉजी,सीरोलॉजी और माइक्रोबायोलॉजी सहित कई प्रयोगशाला प्रभाग हैं।लेबोरेट्री एजिलस डायग्नोस्टिक्स, मेन टांडा मार्केट, टांडा मेडिकल कॉलेज के सामने टांडा,कांगड़ा,176001में स्थित है, ।ग्राहक 91115 91115 पर कॉल करके या एजिलस वेबसाइट या मोबाइल ऐप के माध्यम से आसानी से परीक्षण बुक कर सकते हैं।

# खाद्य सुरक्षा विभाग सोलन एक्शन मोड़ पर, शहर में दूध पनीर और पके हुए राजमाह के भरे सैंपल



**टीम एक्शन इंडिया/सोलन/मनीष**

**लोगों की** जिंदगियों के साथ खिलवाड़ न हो इसको लेकर समय-समय पर खाद्य सुरक्षा विभाग सोलन जिला व शहर में सेंपल भरता रहता है। इसी कड़ी में सोलन के मॉल रोड़ पर स्थित दुधारू पशु सुधार सभा के दूध एवं दुग्ध पदार्थ क्रय विक्रय केंद्र में शिकायत के आधार पर खाद्य विभाग नगर निगम सोलन की टीम ने निरीक्षण किया और इस दौरान पनीर और दूध के सैंपल भरे गए। नगर निगम सोलन खाद्य सुरक्षा विभाग के असिस्टेंट फू ड कमिश्नर डॉ अतुल केस्था ने बताया कि पिछले काफ ी समय से मॉल रोड़ सोलन पर स्थित दुधारू पशु सुधार सभा के दूध एवं दूध से बने उत्पादों को केंद्र पर शिकायत मिल रही थी इसको लेकर आज कार्रवाई की गई है और दूध पनीर के सैंपल भरे गए हैं उन्होंने कहा कि काफी समय से इसको लेकर विभाग अलर्ट भी था लेकिन कंप्लेंट आने पर आज विभाग ने सैंपल भरे हैं, जिसको आज ही जांच के लिए भेजा जाएगा। वहीं शहर के आनंद मार्केट में एक फू ड कॉर्नर से भी चाइनीस फू ड को लेकर कंप्लेंट आई थी इसके बाद आज यहां का भी निरीक्षण किया गया है, जहां से राजमाह का सैंपल भी भर गया है। वहीं मार्किट में एक दुकान पर सफ ाई व्यवस्था नही थी ऐसे में इसको लेकर उस दुकान का चालान भी काटा गया है। बता दें कि आए दिन खाद्य सुरक्षा विभाग सोलन जिला और शहर में लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ करने वाले दुकानदारों के खिलाफ कार्यवाही करती है और उनके चालान भी काटे जाते है।

# जिलास्तरीय नाटक स्पर्धा में ऊना कॉलेज ने पाया तृतीय स्थान

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी। राजकीय उत्कृष्ट** महाविद्यालय ऊना के रेड रिबन क्लब के छात्रों ने एड्स पर आधारित जिलास्तरीय नाटक स्पर्धा में तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय रेड रिबन क्लब की संयोजिका प्रो.शशि कंवर ने बताया कि यह जिला स्तरीय प्रतियोगिता एचपीएसएसीएस द्वारा हिमकैप्स नर्सिंग कॉलेज बढेड़ा ऊना में यूथ फेस्ट-2023 में एड्स की थीम पर नाटक स्पर्धा आयोजित किया गया था। जिसमें महाविद्यालय के रेड रिबन क्लब की टीम के द्वारा मंचित नाटक को तीसरा स्थान हासिल हुआ।

# वायरल ऑडियो को लेकर भाजपा का कांग्रेस पर हमला

**टीम एक्शन इंडिया/ ऊना/ राजन पुरी**

**उपमंडल हरोली** में पुलिस के पास लंबित चल रहे मामलों को निपटने की एवज में पैसों का लेनदेन करने के संबंध में वायरल हुए एक ऑडियो को लेकर भाजपा ने कांग्रेस को जमकर निशाने पर लिया है। भाजपा के हरोली मंडल अध्यक्ष गुलविंदर सिंह गोल्डी ने आरोप लगाया कि यह ऑडियो एक कांग्रेसी नेता से संबंधित है, जो गरीब लोगों के पुलिस के पास लंबित चल रहे मामले निपटाने की आड़ में उनसे पैसे लेने का धंधा चला रहा है। साथ ही उन्होंने इस मामले को लेकर पुलिस को भी जमकर लपेटे में लिया और कहा कि धुआं वहीं से उठता है जहां कहीं आग लगी होती है। ऐसी स्थिति में पुलिस के अधिकारियों को भी इस पूरे प्रकरण पर स्पष्टीकरण देना चाहिए। बुधवार को ऊना विश्राम गृह में पत्रकार वार्ता के दौरान हरोली भाजपा के मंडल अध्यक्ष गुलविंद्र सिंह गोल्डी ने कहा कि दो लोगों का एक ऑडियो वायरल हो रहा है, जिसमें पुलिस के पास लंबित चल रहे मामलों को निपटने के लिए पैसों की मांग की जा रही है और उसमें कांग्रेस के एक नेता का भी नाम लिया जा रहा है, जो इन मामलों को सेटल करवाएगा। उन्होंने कहा कि गरीब लोगों को लूटने का यह एक नया तरीका निकाला गया है जिसमें पुलिस का नाम लेकर पैसे ऐंठे जा रहे हैं। मंडल अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस नेताओं को इस पूरे प्रकरण पर जनता को सच बताना चाहिए। साथ ही साथ पुलिस विभाग के भी अधिकारियों को अपनी भूमिका के संबंध में स्पष्टीकरण देना चाहिए।

# कसौली का सिहारड़ी गांव जहां लोगों ने अपनी आंखों से देखें अपने टूटते हुए आशियाने

**टीम एक्शन इंडिया/ सोलन/ मनीष**

**हिमाचल प्रदेश** में इस बार की बारिश ने अपना कहर दिखाया है करोड़ो का नुकसान हिमाचल में इस बार हुआ है, हजारों लोगो ने अपने आशियाने इस तबाही के मंजर में खोए है। ऐसा ही एक मामला जिला सोलन के कसौली विधानसभा क्षेत्र के सिहारड़ी गांव में देखने को मिला है जहां पर जुलाई अगस्त माह में हुई बारिश से करीब 8-9 मकान का नामोनिशान ही मिट गया, आज लोग दूसरों के घरों में रहने को मजबूर है सहायता के नाम पर प्रशासन से अभी तक सिर्फ एक लाख 30 हजार मिले और कुछ राशन का सामान। हालांकि सरकार के कई लोग



चाहे विधानसभा कसौली के विधायक, राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी या फि र पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह यह सभी इस गांव का दौरा कर चुके है लेकिन अभी तक लोग जो उम्मीद सरकार से लगाये है वो पूरा नही हो पाई है। घरों के साथ साथ लोगों की करीब 8 से 10 बीघा जमीन आज मलबा बनकर रह गई है। लोगों का कहना है कि सरकार उनकी जमींदोज हुई जमीन को अपने पास रख लें और उतनी ही जमीन उन्हें कहीं और दे दे ताकि वे फि र से अपने आशियाने बसा सकें। हैरत की बात यह है कि जब सिहारड़ी में लोगों के आशियाने टूटे तो वो मंजर वहां के लोगो ने अपनी आंखों से खुद देखा, कहर तो तब उस परिवार पर टूटा तब राजकुमार के घर मे उसके बुजुर्ग पिता बीमार थे और वो अपनी आंखों से अपने आशियाने को टूटते हुए देख रहे थेएएक कमरे से दूसरे कमरे में उनके परिवार के लोग उन्हें ले जाते रहे क्योंकि पूरे घर मे दरारें आ चुकी थी जब घर को अपनी आंखों के सामने टूटते हुए उन्होंने देखा तो उन्हें हार्ट अटैक आ गया और उनकी मौत हो गई उसके बाद उनके परिवार के लोग उन्हें लेकर दूसरे गांव ले गए लेकिन उस दिन बारिश का कहर इस कदर हावी हुआ कि पूरा गांव ही खिसकते हुए नीचे साथ लगती खड्ड में जा समाया। आज न तो गांव सिहारड़ी में गांव बचा है न लोगों की जमीनें, सिर्फ लोग रोज अपने आशियाने को ढूंढने की तलाश में यहां आते है सरकार दावे कर रही है कि जिनकी घर गए जिनकी जमीनें गई उन्हें मदद करेंगे लेकिन सवाल यह कि आखिर कब।

# फरवरी 2024 तक बल्क ड्रग पार्क में बिजली, पानी व सड़क की होगी व्यवस्था

## बल्क ड्रग पार्क को लेकर उच्च स्तरीय बैठक आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

**जिला ऊना** के हरोली में प्रस्तावित बल्क ड्रग पार्क के निर्माण को लेकर कवायद तेज हो गई है। बुधवार को जिला मुख्यालय के डीआरडीआए सभागार में उच्च स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता निदेशक उद्योग विभाग आईएएस अधिकारी राकेश प्रजापति ने की। इस मौके पर उद्योग विभाग के साथ-साथ बिजली बोर्ड लोक निर्माण विभाग और जल शक्ति विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे। बल्क ड्रग पार्क के निर्माण से पूर्व आधारभूत ढांचे को मजबूत करने की दृष्टि से



बिजली पानी की सप्लाई और सडकों की व्यवस्था प्राथमिक आधार पर जुटाई जाएगी। जिसे लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 13 अक्टूबर 2022 को बल्क ड्रग पार्क की आधारशिला खुद ऊना पहुंच कर रखी थी। जिसमें आधारभूत ढांचा हिमाचल प्रदेश सरकार के जिम्मेदारी के रूप में निश्चित किया गया था। केंद्र सरकार द्वारा हिमाचल प्रदेश के लिए मंजूर किए गए बल्क ड्रग पार्क में बिजली पानी और सडक की व्यवस्था हिमाचल प्रदेश सरकार की जिम्मेदारी के रूप में तय किए गए हैं।

इसी कड़ी में उद्योग विभाग के निदेशक राकेश प्रजापति द्वारा बैठक ली गई। राकेश प्रजापति ने बताया कि फरवरी 2024 तक बल्क ड्रग पार्क में बिजली पानी और सडक की व्यवस्था को मुकम्मल कर दिया जाएगा। करीब 7 किलोमीटर लंबी सडक के निर्माण को लेकर डीपीआर तैयार कर दी गई है। जल शक्ति विभाग के अधिकारियों को समुचित पानी की व्यवस्था करने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं। बल्क ड्रग पार्क में बिजली की आपूर्ति सुचारू रूप से चले इसी को लेकर बिजली बोर्ड के अधिकारियों से भी मंत्रणा की गई है। बैठक के उपरांत उद्योग विभाग के निदेशक राकेश प्रजापति ने अधिकारियों ने साइट का दौरा किया और जल शक्ति विभाग व पर्यावरण की टीम द्वारा चल रहे कार्यों की पूरी जानकारी जुटाई। इस दौरान उद्योग विभाग एडिशनल डायरेक्टर तिलक राज शर्मा, उद्योग संयुक्त निदेशक अंशुल धीमान, एचपीएसआईडीसी के एक्सियन सुरेंद्र कतना, एसडीओ पंकज चौधरी, मैनेजर अखिल शर्मा, अंकित सहित लोक निर्माण विभाग, जल शक्ति विभाग व बिजली विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# ऊना शहर के वार्ड 6 में पेयजल आपूर्ति में आए कीड़े

**टीम एक्शन इंडिया/ ऊना/ राजन पुरी**

**नगर परिषद ऊना** के वार्ड नंबर 6 और 8 में जल शक्ति विभाग की पेयजल आपूर्ति में कीड़े आने के चलते शहर के वाशिंदों में आक्रोश है। हालांकि मामले का पता चलते ही जल शक्ति विभाग के कनिष्ठ अभियंता भी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जहां शहर वासियों ने कीड़े युक्त पानी के सैंपल विभाग के अधिकारियों को सौंपे और तुरंत इस समस्या का समाधान करने की मांग उठाई। बताया जा रहा है कि शहर में रसोई गैस की पाइपलाइन बिछाने के काम के चलते पेयजल आपूर्ति और सीवरेज लाइन को क्षति पहुंची थी। इसी के चलते यह समस्या पेश आ रही है। बुधवार



को शहर के एमसी पार्क में एकत्रित हुए शहर वासियों ने जल शक्ति विभाग के अधिकारियों को कीड़े युक्त पानी के सैंपल सौंपे और तुरंत इस समस्या का निदान करने की मांग उठाई।

स्थानीय निवासियों में रिशीपाल, प्रिया, मोहित बेदी, राकेश बब्बा, कमलेश, इंद्रा देवी, प्रेमलता, संदीप, शुभलत्ता सहित अन्यों ने बताया कि करीब 6 दिन से पेयजल आपूर्ति में कीड़े आ रहे हैं। जिसके चलते कई लोगों के बीमार होने का खतरा बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि इस समस्या के संबंध में जल शक्ति विभाग के अधिकारियों को भी सूचित किया गया।

# अगली बार आउंगी, तो जरूर अटल टनल की सैर करके जाउंगी: प्रियंका गांधी

**टीम एक्शन इंडिया/ केलांग/ अंगारिया**

**मनाली दौरे** के दौरान सासे हेलीपैड पर एमएलए रवि ठाकुर ने खतक पहना कर कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी का स्वागत किया। करीब दस मिनट तक लाहुल स्पीति पर विधायक रवि ठाकुर के साथ चर्चा भी की और जल्द लाहुल स्पीति आने का निमंत्रण स्वीकारते हुए कहा कि उनकी लाहुल आने की दिली इच्छा है। प्रियंका गांधी ने कहा कि आज फ्लाइट की वजह से देरी हो गई, लेकिन मैं आपसे वादा करती हूं कि अगली बार आउंगी तो अटल टनल रोहतांग की सैर जरूर करूंगी। लाहुल स्पीति के विधायक रवि ठाकुर ने प्रियंका गांधी को लाहुल स्पीति में प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान की सारी जानकारी दी। बता दें कि विधायक रवि ठाकुर विशेष तौर पर प्रियंका गांधी को लाहुल ले जाने के लिए मनाली पहुंचे हुए थे। विधायक रवि ठाकुर का कहना है कि प्रियंका गांधी और मुख्यमंत्री सुखविंदर ठाकुर से उन्होंने मनाली पहुंचने से पहले ही बात की थी और यह आग्रह किया था कि प्रियंका को मनाली दौरे के साथ साथ लाहुल का भी दौरा करवाया जाए। ऐसे में ये तय हुआ था कि सासे हेलीपैड पर उतरने के बाद थोड़ी देर के लिए ही सही प्रियंका अटल टनल रोहतांग होते हुए सिस्सू तक जाएंगी और वहां लोगों से मिलने के बाद चौपर में बैठ मंडी रवाना होंगी।

लिहाजा सारी तैयारियां करने के बाद विधायक रवि ठाकुर लाहुल से मनाली प्रियंका गांधी को लेने के लिए पहुंचे, लेकिन फ्लाइट में देरी होने के कारण प्रियंका गांधी का लाहुल का कार्यक्रम रदद करना पड़ा।



## सिपेट बद्दी में प्रवेश के लिए अंतिम तिथि 15 सितम्बर, 2023

**टीम एक्शन इंडिया/ सोलन/ मनीष। सोलन जिला** के नालागढ़ उपमण्डल के बद्दी स्थित केन्द्रीय पेट्रोरसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सिपेट-सेन्ट्रल इन्स्टीटयूट ऑफ पेट्रोकेमिकल इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी) में विभिन्न डिप्लोमा एवं पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश की अंतिम तिथि 15 सितम्बर, 2023 निर्धारित की गई है। यह जानकारी संस्थान के प्रवक्ता ने दी। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय पेट्रोरायसन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान बद्दी में 03 वर्ष के डिप्लोमा इन प्लास्टिक्स मोल्ड टेक्नोलॉजी (डीपीएमटी) तथा 03 वर्ष के डिप्लोमा इन प्लास्टिक्स टेक्नोलॉजी (डीपीटी) में प्रवेश लिया जा सकता हैं। उन्होंने कहा कि इन पाठ्यक्रमों के लिए उम्मीदवार 10वीं कक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि इन पाठ्यक्रमों में लेटरल एंट्री का प्रावधान भी है।

# लोक गायक जीतू सांख्यान मतलब दा संसार एलबम की शूटिंग पूरी, शीघ्र होगी लॉन्चिंग

**टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर**


**लोक गायकी** में अपनी अलग पहचान बना चुके फौजी जीतू सांख्यान का अपनी गायकी के प्रति जुनून कम होता प्रतीत नहीं हो रहा है। एक से बढकर एक स्वरबद्ध लय प्रस्तुत करने वाले जीतू सांख्यान की अभी हाल ही में रिलीज भजन सीरीज की पेशकश मैं तां कृष्णा तेरी को दर्शकों और श्रोताओं ने सर आंखों पर बिठाया है। करीब नौ दिनों में इस भजन को 16 हजार से ज्यादा दर्शक देख व पसंद कर चुके हैं। इसी से उत्साहित जीतू सांख्यान ने मतलब दा संसार नाम से एक गीत गाया है। जिसमें मौजूदा हालातों पर कटाक्ष किया गया है तथा अपने प्रशंसकों तक जीवन की वास्तविकता समझाने का प्रयास किया है। इस भजन का ऑडियो तैयार है जबकि विडियो एलबम की शूटिंग बिलासपुर के रमणीय स्थलों पर चली है। चमलोग स्थित श्रीराधा कृष्ण मंदिर में इस गाने को शूट किया गया जबकि अथाह जलाशय से भरी गोविंद सागर झील की खूबसूरती को भी इस एलबम में समेटने का प्रयास किया गया है। जीतू सांख्यान ने बताया कि शीघ्र ही शिव भजन, डमरू बजदा आया, साई भजन, राम भजन व मां की भेंटे बहुत जल्द आने वाली हैं। उन्होंने कहा कि इन दिनों कॉपी पेस्ट का जमाना है लेकिन सुनने वालों को नया कुछ मिले इसलिए प्रयास सतत जारी है। उन्होंने कहा कि सुने सुना, भजनों को नया रूप देकर परोसने से क्षणिक लोकप्रियता मिलती है लेकिन यदि कुछ हटकर किया जाए तो वह लंबे समय तक लोगों के जहन में रहता है। उन्होंने कहा कि जब तक लोगों का प्रेम मिलता रहेगा वे कुछ न कुछ नया करने का प्रयास करेंगे। गौर हो कि इससे पहले कोल डैम विस्थापितों की मर्म को जीतू सांख्यान ने शब्दों और स्वर में उकेर कर एक इतिहास रचा है। आज भी कोल डैम एत्थी लगया ओ जानी मेरिए, असां नवियां जगह कियां बसी जाणा एबलम के सभी गीत आज भी गुनगुना, जाते हैं।



# शिमला में शॉक बैटरी वाला चिट्टा तस्कर गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/चमन शर्मा**

**शिमला में एक बार** फिर पुलिस ने चिट्टे का रोचक मामला पकड़ा है। पुलिस ने इस बार ऐसा मामला पकड़ा है जिसमें शातिर शॉक बैटरी से करंट लगाकर पुलिस को बेहोश कर देता है। पुलिस के मुताबिक यह एक ऐसा चिट्टा तसकर है जिसको जब कोई पकडने जाता था तो यह शॉक बैटरी से उसे करंट लगा देता था और सामने वाला बिहोश होजाता है। बताया जा रहा है की यह बैटरी इसने खुद बनाई थी और जब भी इस शातिर चिट्टा तस्कर को पकडने कोई जाता थो वह इस बैटरी से निकलने वाली किरणों से दो मिनट के लिए बेहोश हो जाता था जब तक वह होश में आता तब तक यह चिट्टा तस्कर फरार हो जाता था । पुलिस भी इस शातिर को पकडने. में कतरा रही थी की अगर ऐसे पकड़ा थो कही जान न चली जाए। पुलिस के लिए चुनौती भी बड़ी थी और खतरा भी था, लिहाजा पुलिस थाना प्रभारी ने इस शातिर के बारे में एसपी शिमला को बताया और कहा कि इस बेहद शातिर तसकर को कैसे दबोचा जाएं। एसपी शिमला संजीव गांधी ने पुलिस टीम को कहा कि इस शातिर पर नजर रखकर कही जाल बिछाकर दबोचा जाएं।पुलिस को सूचना मिली की यह शातिर गाड़ी में बिलासपुर से शिमला आ रहा था। शिमला में यह चिट्टे की सप्लाई करने वाला है। पुलिस को पहले से अंदेशा था कि इसके पास शॉक बैटरी है और यह सर्च टीम को नुकसान पहुंचा सकता था। इसके लिए जाल बिछाया व आरोपित को गिरफ्तार किया। पुलिस ने इसके पास से 8.68 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। पुलिस ने इसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। यह आरोपी प्रदीप सिंह 39 पुत्र चेतराम निवासी गांव व डाकघर बिनोला तहसील व जिला बिलासपुर का रहने वाला है। पुलिस ने इसके पास से शॉक बैटरी को भी बरामद कर लिया



**काबू**

**ऐसा मामला पकड़ा है जिसमें शातिर शॉक बैटरी से करंट लगाकर पुलिस को बेहोश कर देता है**

# रारिक योचे बरयो में जल्द दनादन बजेंगे फोन: रवि ठाकुर

**टीम एक्शन इंडिया/केलांग/अंगारिया**

विधायक रवि ठाकुर ने दारचा, रारिक छिक्का, योचे, वरयो सहित अन्य गांवों का दौरा कर लोगों की दिक्कतों को जाना। तोद घाटी के इस दौरे के दौरान विधायक रवि ठाकुर ने ग्रामीणों को बताया कि जल्द ही रारिक छिक्का, योचे और बरयो के ग्रामीणों को मोबाइल नेटर्वक की सुविधा उपलब्ध करवा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि बेहतर मोबाइल कनेक्टिविटी के लिए उन्होंने हाल ही में बीएसएनएल के उच्चाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की थी और लाहुल स्पीति के दूर्गम क्षेत्रों में बेहतर मोबाइल कनेक्टिविटी लोगों को उपलब्ध हो इसके लिए नए टॉवर लगाने का आग्रह विभाग से किया था। लिहाजा उनके ये प्रयास कामयाब हुए और अब लाहुल स्पीति के उन सभी दूर्गम क्षेत्रों में बीएसएनएल द्वारा नए टॉवर लगाए जा रहे हैं। इस फेहरिस्त में रारिक, योचे और बरयो के ग्रामीणों को भी अब मोबाइल नेटर्वक की सुविधा उपलब्ध होने जा रही है। विधायक रवि ठाकुर ने कहा कि वे जो कहते हैं उसे करके दिखाते हैं।


उन्होंने कहा कि इसके अलावा सोमवार को उन्होंने शितिनाला कोलोंग मेहबोग सडक का कार्य भी एक बार फिर शुरू करवा दिया है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से लोग इसकी मांग कर रहे थे। उन्होंने कहा कि दौरे के दौरान उन्होंने योचे और दारचा की दूरी कम करने के लिए एक वैकल्पिक पुल के निर्माण के लिए भूमि का निरीक्षण भी किया। उन्होंने कहा कि अगर उक्त वैकल्पिक पुल का निर्माण किया जाता है तो योचे और दारचा की दूरी काफी कम होगी। इसका सीधा फायदा ग्रामीणों को मिलेगा। इस बीच विधायक रवि ठाकुर ने दारचा शिंकुला सडक के क्षतिग्रस्त हिस्से का भी जायजा लिया और बीआरओं के अधिकारियों को निर्देश दिए कि इसे जल्द से जल्द दुरुस्त किया जाए। बहरहाल सोमवार को विधायक रवि ठाकुर ने तोद घाटी के ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और उनका मौके पर समाधान करने का भी प्रयास किया।



# 'सेब पर आयात शुल्क पर झूठ बोल रही प्रियंका वाड्रा'

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**

**भाजपा के प्रदेश** अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि प्रियंका वाड्रा का हिमाचल आगमन पर अभिनंदन। उन्होंने कहा की चिंता का विषय यह है कि 2022 के चुनाव में जब प्रियंका वाड्रा हिमाचल आई थी तो लगातार उन्होंने हिमाचल की 22 लाख बहनों को 1500 रु प्रतिमा देने की गारंटी दी थी और कहा था कि 18 से 60 वर्ष की सभी बहनों को पहले कैबिनेट में यह तोहफा और सम्मान दिया जाएगा। ऐसा कुछ हुआ नहीं और आज प्रियंका वाड्रा एवं कांग्रेस के नेताओं पर बहनों के प्रति 13500 का कर्ज चढ़ गया है। पहली कैबिनेट में तो आपने 5 लाख बेरोजगारों को सरकारी नौकरी देने का वादा भी किया था, पर अनेकों कैबिनेट हो गई और यह वादा पूरा नहीं हुआ। आज आप हिमाचल आए हैं और हिमाचल का युवा और बहने आपके उत्तर के इंतजार में बैठे है। आपने उस समय चुनाव को प्रभावित करने के लिए असत्य और झूठ बोला जो आज भी पूरा नहीं हो पाया। बिंदल ने प्रियंका गांधी को सेब पर आयात शुल्क घटाने के बयान पर आड़े हाथ लेते हुए कहा की एक बार फिर पिछले कल हिमाचल के बागवानों के जख्मों पर नमक छिडकने का काम प्रियंका वाड्रा ने किया। सेब पर आयात शुल्क में 35ः की कटौती हुई ऐसा उन्होंने कहा और उनके राष्ट्रीय प्रवक्ता ने यह कह दिया कि आयात शुल्क को घटकर 15ः कर दिया गया है। परंतु हिमाचल प्रदेश का जनमानस जो उनकी बात को सत्य मानता आया है, आज उनसे कांग्रेस नेताओ ने एक और असत्य बोल दिया है। जिस शुल्क की बात यह कर रहे हैं हम जानना चाहते हैं उसकी नोटिफिकेशन कहां हैए 35ः की कटौती हुई इसका किसी को मालूम नहीं, 50ः से यह शुल्क घटकर 15ः हो गया इसका मालूम नही।



# ज्ञानहीन व्यक्ति की तरह बयान दे रही प्रियंका: सिकंदर



**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**

**भाजपा के प्रदेश** महामंत्री एवं राज्य सभा सांसद डॉ सिकंदर कुमार ने भाजपा मुख्यालय दीपकमल चक्कर में 14 सितंबर को दोपहर 2 बजे से भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा द्वारा ली जाने वाली बैठक की व्यवस्था टोली की बैठक में भाग लिया।

कल होने वाली बैठक में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल एवं प्रदेश संगठन मंत्री सिद्धार्थन विशेष रूप में उपस्थित रहेंगे। यह बैठक भाजपा के वोटर पुनरीक्षण अभियान को लेकर होगी। डॉ सिकंदर ने कहा कांग्रेस पार्टी और उनके आलाकमान नेता यह स्पष्ट करें कि 2022 के विधानसभा चुनाव में जो झूठी गारंटीयां कांग्रेस पार्टी ने दी थी वह कहां है, ऐसा तो नहीं कि वह गारंटीयां ब्रह्मांड की सैर करने गई है।कांग्रेस पार्टी के नेता केवल झूठ बोलने में माहिर है, कभी जनता को गुमराह करने के लिए गारंटीयो का झूठ और अब एक बार फिर जनता को गुमराह करने के लिए सेब पर आयात शुल्क का झूठ। हम केवल यह पूछना चाहते हैं कि कांग्रेस पार्टी कितना झूठ बोलेगी। उन्होंने कहा की कांग्रेस की नेता प्रियंका वाड्रा केवल मात्र हिमाचल में मुंह दिखाई के लिए आई है और कुछ नही। हिमाचल प्रदेश में आनाए झूठ बोलना और हिमाचल प्रदेश का वातावरण खराब करना प्रियंका वाड्रा की पुरानी आदत है, इसके लिए दूर जाने की आवश्यकता नहीं है 2022 में हुए विधानसभा चुनाव को ही देख लीजिए। गारंटी गारंटी और गारंटी का राग उन्होंने उस समय गया अब झूठ बोलकर जनता का ध्यान भटकाने का कार्य कर रही है। कांग्रेस पार्टी सेब के विषय पर पूरी तरह से फ्लॉप रही है। हिमाचल से इस वर्ष 45 प्रतिशत सेब बाहरी राज्यों की मंडियों में बिकाए इसके लिए अगर कोई जिम्मेवार है तो केवल कांग्रेस पार्टी और उनकी सरकार है।

# लगातार धंस रहा है पांवटा साहिब का खतवाड गांव, गांव के लोगों का दर्द जाना

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

**आखिर तिल-तिल** कर टूटते खतवाड़ गांव की सुध लेने डायरेक्टर जनरल ऑफ माइनिंग सेफ्टी गाजियाबाद के निदेशक टीम के साथ खतवाड़ गांव पहुँचे। यह टीम यहां खतवाड़ गांव के ग्रामीणों की शिकायत पर पहुंची और गाँव के लोगों का दर्द जाना भले ही खतवाड़ गाँव के ग्रामीणों कि शिकायत के कई महीनो बाद भी प्रशासन ने कोई कदम यहां लोगो की सुरक्षा के मद्देनजर नही उठाया हो मगर ग्रामीणों की शिकायत के बाद अब यहाँ खान सुरक्षा महानिदेशालय की टीम यहां पहुँची है। खतवाड़ गांव पिछले 3 दशकों से तिल तिल कर खाई की तरफ खिसकता जा रहा है। गांव की सैंकड़ों बीघा जमीन और के मकान खाई में समा चुके हैं। जबकि लगभग दो दर्जन मकानों में दरारें आ गई है। इनमें से अधिकतर मकान रहने लायक नहीं बचे हैं। ग्रामीण दरक चुके मकानों में रहने को मजबूर है। ग्रामीण पिछले कई वर्षों से केंद्र सरकार से लेकर खनन विभाग तक हर स्तर पर अपनी बात रख रहे हैं। मगर अभी तक किसी सरकार या जिम्मेदार विभाग ने ग्रामीणों का दर्द जानने का प्रयास नहीं किया। पिछले दिनों मीडिया में मामला उछलने के बाद स्थानीय प्रशासन और स्थानीय विधायक गांव का दौरा कर गए थे।मगर उसके बाद भी ग्रामीणों को कोई राहत नहीं मिली। भले ही गांव को असुरक्षित घोषित कर दिया था बावजूद उसके गांव के पुनर्वास और विस्थापन का कोई प्रयास प्रशासन की तरफ से नहीं किया गया। ग्रामीणों ने गांव के पास चल रही चूना पत्थर खदानों पर हो रहे अवैज्ञानिक खनन को त्रासदी के लिए जिम्मेदार बताया था। ग्रामीणों का कहना है कि खदानों से निकलने वाले मलबे की अवैज्ञानिक ढंग से डंपिंग की जाती है। खदानों पर अवैज्ञानिक ढंग से खुदाई की जाती है। जिसकी वजह से हर साल करोड़ों टन मलबा बरसाती नाले के साथ बहकर गांव के ठीक नीचे कटाव लगाता है। ग्रामीणों का आरोप है कि मलवा से लगने वाले कटाव की वजह से गांव के दो तरफ गहरी खाई बन गई है।इन खाइयो से बरसात के दिनों में मलबा खिसकता रहता है जिसकी वजह से गांव की उपजाऊ जमीन और घर भी नाले की तरफ खिसकते जा रहे हैं। खतवाड़ गांव के ग्रामीण उनके पुनर्वास और नुकसान की भरपाई की मांग कर रहे हैं। मगर अभी तक न मुआवजा दिया गया है। न खदानों के खिलाफ कोई कार्यवाही हुई है न ही ग्रामीणों के पुनर्वास के प्रयास किए गए हैं।वहीं ग्रामीणों के एक पक्ष का यह भी कहना है कि खतवाड़ गांव की जमीन खिसकने का कारण प्राकृतिक है। खदानों के मलबे से यहां नुकसान नहीं हो रहा है। खतवाड़ गांव को काफी नुकसान हो रहा है। इसके लिए सरकार को ग्रामीणों की मदद करनी चाहिए। खदानों और प्रभावित क्षेत्र का दौरा करने के बाद मीडिया से बात करते हुए निदेशक खान सुरक्षा महानिदेशालय संजीव कुमार ने बताया कि यहां पहुंचने के बाद शिकायतकर्ता ग्रामीणों और माइन मालिकों से विस्तार से बातचीत की है। उन्होंने कहा कि खान सुरक्षा महानिदेशालय इस दौरे के बाद रिपोर्ट तैयार करेगा और आवश्यक कार्रवाई इस मामले में अमल में लाई जाएगी।



# बच्चों ने सीखा ज्ञानेंद्रियों का परिचय

**टीम एक्शन इंडिया/ हमीरपुर/ विवेकानंद वशिष्ठ**

**शहर के** प्रतिष्ठित ऑलमाइटी पब्लिक स्कूल में खेल-खेल में यूकेजी के बच्चों ने सीखा ज्ञानेंद्रियों का परिचय।यूकेजी अध्यापिका डिंपल शर्मा ने गतिविधि के द्वारा बड़े ही मनोरंजक ढंग से बच्चों को सेंस ऑर्गन के बारे में समझाया। बच्चे इस गतिविधि को लेकर बड़े ही उत्साहित नजर आ रहे थे। अध्यापिका ने बच्चों को समझाया कि हमारी पांच ज्ञानेंद्रियाँ यानी की फाइव सेंस ऑर्गन्स होती हैं जैसेःआँख, कान, नाक, जीभ, त्वचा हर एक अंग का अपना-अपना काम होता है जैसे देखना, सुनना, सूंघना, चखना, महसूस करना आदि। गतिविधि के माध्यम से बच्चे बहुत ही अच्छे तरीके से फाइव ऑर्गन्स के बारे में जानकारी प्राप्त कर सके। खेल-खेल में कोई भी चीज बच्चों को आसानी से सिखाई जा सकती है। बाद में अध्यापिका ने बच्चों से इस गतिविधि को लेकर कुछ प्रश्न भी किए और बच्चों ने बहुत ही अच्छे से उन प्रश्नों का उत्तर भी दिया। इससे यह पता चलता है कि गतिविधि के माध्यम से बच्चों को सरलता से सिखाया जा सकता है।



# कुन्नू पंचायत को क्षय रोग मुक्त बनाने का लिया संकल्प

**टीम एक्शन इंडिया/ मंडी/ खेमचंद शास्त्री**

**स्वास्थ्य विभाग** पधर द्वारा ग्राम पंचायत कुन्नू में टीबी मुक्त पंचायत बनाने के लिए एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। आंगनबाड़ी वर्कर, आशा वर्कर, पंचायत प्रतिनिधि, केमिस्ट, स्थानीय स्कूल स्टाफ इस मौके पर उपस्थित रहे। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधिकारी आशु शर्मा ने पंचायत क्षय रोग उन्मूलन को लेकर शपथ दिलाई। उन्होंने क्षय के बारे में विस्तार से जानकारी। कहा कि सरकार ने वर्ष 2025 तक प्रदेश में टीबी रोग उन्मूलन का लक्ष्य रखा है। प्रदेश तभी टीबी मुक्त होगा जब जमीनी स्तर पर उन्मूलन कार्य होगा। इसके लिए पंचायत स्तर पर पंचायती राज विभाग और स्वास्थ्य विभाग द्वारा 31 दिसंबर तक संयुक्त रूप और योजनाबद्ध तरीके से गतिविधियों की श्रृंखला की जाएगी। पंचायत प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि जागरूकता के माध्यम से इस अभियान को पंचायत स्तर पर कामयाब बनाएं। पंचायत के हर नागरिक को रोग के मुख्य लक्षणों, खांसी, बुखार, वजन का घटना, बलगम में खून आना, छाती में दर्द होना के बारे में जागरूक करें। आस पड़ोस में किसी व्यक्ति में इस प्रकार के लक्षण पाएं जाएं तो इसके बारे में स्थानीय आशा वर्कर को सूचित करें।

आशा वर्कर मरीजों का बलगम एकत्र कर नजदीकि स्वाथ्य लैब में जांच सुनिश्चित करवाएं। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में स्वास्थ्य विभाग की टीम घर घर जाकर प्रत्येक नागरिकों से टीबी रोग के लक्षणों के बारे में जायजा लेगी। कहा कि इस अभियान को सफल बनाने में स्वास्थ्य विभाग का सहयोग करें। केमिस्ट और निजी स्वास्थ्य क्लीनिक संचालकों से भी सहयोग का आग्रह किया गया। आशा शर्मा ने कहा कि टीबी रोग का ईलाज संभव है। इसके लिए रोगी को चिकित्सा निदेर्शों अनुसार छह महीने का पूरा कोर्स करना होगा। आर्युर्वेदिक फार्मासिस्ट वीरेंद्र कुमार ने कहा कि सर्वे के अनुसार देश में क्षय रोग के सबसे अधिक मामले हिमाचल में हैं। प्रदेश के मंडी जिला के पधर सबसे अधिक मामले सामने आए हैं। उन्होंने कुन्नू पंचायत को टीबी मुक्त बनाने के लिए सहयोग देने का लोगों से आहवान किया है। पंचायत प्रधान पमिंद्रा भाटिया, उप प्रधान अविनाश कटोच, पंचायत सचिव कमरूनाग, सहित आदि उपस्थित रहे।



## न्यूज फ्लैश

### डेंगू की दस्तक से सहमे लोग

**-फागिंग नहीं होने से राया के लोगों में नाराजगी**

**मथुरा।/टीम एक्शन इंडिया**
डेंगू का नाम सुनते ही लोगों की कंपकंपी छूट जाती है। विगत वर्षों में इस बीमारी ने लोगों को बहुत परेशान किया है। डेंगू एक बार फिर पैर पसारने लगा है। जनपद में इन दिनों डेंगू को लेकर उच्चाधिकारियों द्वारा मीटिंगों का दौर जारी है। स्वास्थ्य विभाग भी अपने महकमे में आवश्यक दिशा निर्देश दे रहा है। लेकिन इस सबके बीच कस्बा राया में फॉगिंग न होने से स्थानीय लोगों में डेंगू को लेकर डर बना हुआ है। अब इसे आपसी सामंजस्य की कमी कहें या लापरवाही अभी तक नगरीय स्वास्थ्य अधिकारियों व नगर पंचायत अधिकारियों या नगर पंचायत अध्यक्ष के बीच डेंगू के प्रकोप को लेकर कोई मीटिंग भी नहीं हुई है। इस बारे में जब सीएचसी सोनई प्रभारी डॉ. अनुज चौधरी बताया कि जल्द ही नगर पंचायत के जिम्मेदारों से कस्बा में फॉगिंग को लेकर बात की जाएगी। गांवों में आशा बहनों के जरिये जागरूकता फैलायी जा रही है। नगर में भी फांगिंग को लेकर जल्द ही नगर पंचायत अध्यक्ष से बात की जाएगी। इधर नगर पंचायत की अधिशाषी अधिकारी सविता वर्मा ने कहा कि जल्द ही कस्बे में फॉगिंग सुचारू रूप से करवायी जाएगी। आपको बता दें कस्बा में कुछ जगहों पर जलभराव की स्थिति भी बनी हुई है और डेंगू का मच्छर रुके हुए व गंदे पानी में ही पनपता है। ऐसे में कस्बे के लोगों में बीमारी को लेकर डर बना हुआ है। नगर के लोगों ने जल्द से जल्द कस्बा में फॉगिंग कराए जाने की मांग की है। कस्बा में जल्द ही रोस्टर बनाकर सुचारू रूप से फॉगिंग करायी जाएगी।

### रील ने बिगाड़ दी किशोर की रीयल लाइफ

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
एक रील ने किशोर की रियल लाइफ को बिगाड़ कर रख दिया। किशोर को पिस्टल के साथ रील बना कर सोशल मीडिया पर वायरल करना भारी पड गया। थाना गोवर्धन पुलिस ने सोशल मीडिया पर पिस्टल लहराते हुए फायर करने की रील बनाकर वायरल करने वाले एक नाबालिग को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उस 32 बोर की देसी पिस्टल को भी कब्जे में ले लिया है जिसके साथ नाबालिग ने रील बनाई थी। प्रभारी निरीक्षक थाना गोवर्धन ओमहरि बाजपेयी के मुताबिक बाल अपचारी जिसके द्वारा अवैध पिस्टल .32 बोर को हवा में लहराते हुए हवाई फायर किया गया था पिस्टल लहराते हुए फायर करने की रील बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल की गयी थी, पुलिस टीम द्वारा हनुमान मन्दिर के आगे 20 कदम रामनगर की ओर से पकडा।

### यहां तो सड़क में गड्ढे नहीं, गड्ढों में सड़क है



**-चौमुहां बढ़ौता मार्ग पूरी तरह क्षतिग्रस्त हुआ**

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
कस्बा चौमुहां से बढ़ौता होते हुए राल, गोवर्धन जाने वाला मार्ग काफी समय से क्षतिग्रस्त पड़ा हुआ है। अब बरसात होने के कारण क्षतिग्रस्त रोड पर पानी भरने से बढ़ौता, राल, नगला हेमराज, बसौंती, बाठी, तोस इत्यादि गांव के लिए जाने वाले राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बाहर से आने वाले श्रद्धालु बढ़ौता राल होते हुए गोवर्धन परिक्रमा करने के लिए निकलते हैं। लोग सड़क पर भरे हुए पानी से निकलने को मजबूर हैं। बढ़ौता निवासी ग्रामीण खजान सिंह व सोनू दिवाकर ने बताया कि उन्हें रोजाना काम के चलते बढ़ौता से चौमुहाँ जाना होता है। ऐसे में वह सड़क पर भरे गंदे पानी से होकर निकलने को मजबूर हैं। इधर इस मार्ग पर हजारों गड्ढे बने हुए हैं। उनसे निकल कर जाने में काफी परेशानी का सामना करना होता है। बसौंती निवासी राकेश शुक्ला ने बताया कि मार्ग क्षतिग्रस्त होने के चलते उन्हें छटीकरा से घूमकर चौमुहाँ छाता के लिए जाना होता है। सड़क को देखकर ऐसा लगता है कि सड़क में गड्ढे नहीं, गड्ढों में सड़क बनी हुई हो। आए दिन बाइक सवार लोग इन गड्ढों में गिरते हुए नजर आते हैं। पुष्पराज सिंह, अजीत सिंह, लक्ष्मण सिंह, द्वारिकाधीश यादव, भानु पंडित, विक्रम सिंह आदि ने जिलाधिकारी से सड़क मरम्मत कराए जाने की मांग की है।

# 18 लाख की शराब, 6 लाख का गांजा पकड़ा

## -कंटेनर में भरी मौसमी के बीच छुपा रखी थी 15 लाख की शराब

**कार्यवाही**

**पुलिस ने एक महिला सहित तीन को शराब तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया है**



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
पुलिस ने नशे के कारोबारियों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए 6 लाख का गांजा तथा करीब 18 लाखा रुपये की कीमत की शराब पकड़ी की है। इस दौरान पुलिस ने चार गांजा तस्करों और एक महिला सहित तीन को शराब तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया है। थाना कोसीकलां पुलिस ने गैर प्रान्त की अंग्रेजी शराब चण्डीगढ मार्का कुल 204 पेटी ब्लू स्ट्रोक ब्रान्ड के साथ पंकज कुमार पुत्र सुरेश कुमार निवासी तलाकोट थाना छप्पर जिला यमुनानगर हरियाणा तथा मिथुन पुत्र रामजीलाल निवासी रेडिया का माजरा थाना छप्पर जिला यमुनानगर हरियाणा को गिरफ्तार किया है। पकड़ी गई शराब की कीमत लगभग 15 लाख रुपये है। प्रभारी निरीक्षक थाना कोसीकलां अनुज कुमार के मुताबिक शराब तस्कर शराब ट्रक कंटेनर में चंडीगढ़ पंजाब से भरकर ले जा रहा था चेकिंग के दौरान ईदगाह तिराहा एनएच 19 पर कंटेनर को पकड लिया। षराब को मौसमी के फलों के बीच छुपा कर ले जाया जा रहा था। वहीं साइबर क्राइम यूनिट व सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम ने कार्यवाही करते हुए इरफान पुत्र अहमद हुसैन निवासी रेलवे लाइन जन्मभूमि के पास थाना गोविंद नगर जनपद मथुरा, धर्मेंद्र शर्मा उर्फ धर्मा पुत्र गोपाल प्रसाद शर्मा निवासी दुर्गा पुरम कॉलोनी पानी घाट थाना वृन्दावन जनपद मथुरा, अरमान पुत्र अयूब खान निवासी गौरा नगर कालोनी नाले के पास थाना वृन्दावन जनपद मथुरा तथा राकेश यादव पुत्र स्व. पूरन यादव निवासी अनाज मंडी थाना वृन्दावन जनपद मथुरा को पानी घाट तिराहा से 43 किलो 300 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया। पकडे गये गांजे की कीमत करीब छह लाख रुपये है। इसके अलावा एक मोटरसाइकिल, एक एक्टिवा व दो वजन तोलने वाली इलेक्ट्रॉनिक मशीन, एक थैला जिसमें पैकिंग का सामान खाली पन्नियां व नगद आठ रुपये के साथ गिरफ्तार किया गया। वहीं एसओजी टीम ने थाना छाता पुलिस के साथ मिल कर करीब तीन लाख रुपये की अवैध शराब बरामद की है।

## ठाकुर बांके बिहारी की शरण में पहुंचे रेसलर रिंकू सिंह



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
डब्ल्यूडब्ल्यूई के सुपरस्टार रेसलर वीर महान उर्फ रिंकू राजपूत ठाकुर तीर्थ नगरी वृंदावन पहुंचे। जहां डब्ल्यूडब्ल्यूई रेसलर ने ठाकुर श्री बांके बिहारी मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना कर पुण्य लाभ कमाया। इस दौरान उन्हें देखने के लिए भारी संख्या में भीड़ उमड़ पड़ी रिंकू राजपूत ने सबसे पहले पहले ठाकुर श्री बांके बिहारी के दरबार में हाजिरी लगाई। मंदिर सेवायत मयंक गोस्वामी द्वारा विधिवत पूजा अर्चना संपन्न कराने के बाद उन्हें ठाकुर का प्रसादी वस्त्र और प्रसाद भेंट किया गया। वीर महान उर्फ रिंकू राजपूत ने कहा कि ठाकुर बांके बिहारी शरण जी महाराज की शरण में आकर वह धन्य हो गए साथ ही उन्होंने कहा कि वृंदावन आकर उन्हें सुखद अनुभूति का एहसास हुआ बांके बिहारी के दर्शन मात्र करने से ही व्यक्ति के सारे दुख दर्द समाप्त हो जाते हैं और जीवन धन्य हो जाता है उन्होंने कहा कि अगर उन्हें एक बार और मौका मिला तो वह बांके बिहारी की शरण में आकर हाजिरी जरूर लगाएंगे

## जागरण के दौरान लोहे की रेलिंग में दौड़ा करंट, किशोर की मौत



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
कोसीकलां की अनाज मंडी के परिसर में आयोजित हुए खाटू श्याम जागरण के दौरान लोहे की रेलिंग में करंट उतर आया। करंट की चपेट में आकर एक किशोर की मौत हो गई। मृतक किशोर के पिता की तहरीर पर आयोजन समिति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जिस समय यह घटना हुई कार्यक्रम में करीब 500 लोग मौजूद थे। मंडी समिति परिसर में बाबा खाटू श्याम का जागरण चल रहा था। जागरण में भीड़ नियंत्रण के लिए लगाई गई रेलिंग में करंट फैल गया। जिसकी वजह से उसके पास बैठे एक दर्जन से अधिक लोग करंट की चपेट में आ गए। करंट का झटका लगते ही कार्यक्रम में भगदड मच गई। रेलिंग में आए करंट की चपेट में आये ज्यादातर लोग सकुशल बच गए, लेकिन करंट लगने से 14 वर्षीय सैनी मोहल्ले निवासी किशोर भोलू पुत्र लक्ष्मी नारायण की दर्दनाक मौत हो गई। किशोर की मौत की जानकारी लगते ही मौके पर कोहराम मच गया। परिजनों में चीख पुकार मच गई। सूचना मिलते ही कोसी थाना पुलिस मंडी परिसर पहुंची जहां उन्होंने घायलों की जानकारी लेने के साथ ही मृतक किशोर के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## नमन की गुमशुदगी की घटना लूट की धाराओं में तब्दील

**मुरादाबाद/टीम एक्शन इंडिया**
मुरादाबाद के थाना मूंढापांडे क्षेत्र के सरकड़ा खास गांव निवासी छात्र नमन गुप्ता की बरामदगी के बाद पुलिस ने गुमशुदगी को आज लूट की धाराओं में तब्दील कर दिया। एसओ मूंढापांडे दीपक मलिक ने बताया कि जांच में आया है कि बदमाशों ने छात्र को बेहोश कर ई-रिक्शा लूट लिया था। इसके बाद उसे घायलावस्था मे कटघर क्षेत्र स्थित एक कुएं में फेंक दिया था। अभी छात्र की हालत में सुधार नहीं हुआ है। उसके गले का आपरेशन होना है। मूंढापांड़े के सरकड़ा खास गांव निवासी संजीव कुमार गुप्ता ने बताया कि सात सितंबर को उनका बेटा नमन ई-रिक्शा लेकर चलाने चला गया था।

## महिला बंदियों को सर्वाइकल कैंसर के प्रति किया जागरूक



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
बुधवार को जिला कारागार में महिला बंदियों को सर्वाइकल कैंसर के प्रति जागरूक किया गया। जिला कारागार आकस्मिक निरीक्षण अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नीरू शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला कारागार मथुरा के जेलर महाप्रकाश, डिप्टी जेलर सुश्री करुणेश, शिवानी यादव व अनूप कुमार, वरिष्ठ चिकित्साधिकारी डॉ. उपेंद्रपाल सोलंकी तथा बंदी पराविधिक स्वयंसेवक तथा रोटरी क्लब के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। सर्वप्रथम सचिव द्वारा रॉटरी क्लब के सहयोग से महिला बंदियों के लिए महिला बैरक में सर्वाइकल कैंसर के जांच के लिए एक शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे महिला बैरक में उपस्थित महिला बंदियों को सर्वाइकल कैंसर की जांच के लिए प्रेरित किया और बताया कि सर्वाइकल कैंसर के कोई लक्षण दिखाई नहीं देते हैं जिसकी वजह से सर्वाइकल कैंसर का उचित समय पर पता नहीं चल पता। अगर इसका सही समय पर इलाज ना किया जाये तो यह जानलेवा भी हो सकता है। इसलिए अपने शरीर में होने वाले परिवर्तनों पर ध्यान देना चाहिए ताकि सही समय पर सर्वाइकल कैंसर का पता चल सकें। उचित स्क्रीनिंग और टीकाकरण के कारण सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में सबसे अधिक रोके जाने वाले कैंसर में से भी एक है।

# मेरी माटी मेरा देश के तहत बरसाना में निकाली गई कलश यात्रा

**कार्यक्रम**

**भारतीय जनता पार्टी के द्वारा मेरा देश मेरी माटी का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है**



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित कार्यक्रम मेरी माटी मेरा देश के तहत कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा पूरे बरसाना में निकाली गई जिसमें हर घर से मिट्टी ली गयी। भारतीय जनता पार्टी के द्वारा मेरा देश मेरी माटी का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है जिसके तहत पार्टी के कार्यकर्ता कलश लेकर हर घर जाकर माटी इकट्ठी करेंगे। बुधवार को इसी कार्यक्रम के अन्तर्गत भारतीय जनता पार्टी और नगर पंचायत के अध्यक्ष और सभी सभासदों ने संयुक्त रूप से नगर पंचायत कार्यालय से कलश यात्रा का शुभारंभ किया। कलश यात्रा बस स्टैंड, बांस मोहल्ला, मुख्य बाजार, बाग मोहल्ला और पुराने बस स्टैंड होते हुए नगर पंचायत पर सम्पन्न हुई। इस कलश यात्रा के दौरान हर घर से माटी ली गयी और जिस घर में माटी नहीं थी उस घर से चावल लिए गए, साथ ही भारतीय जनता पार्टी द्वारा केंद्र और राज्य में जनहित में चल रही योजनाओं के बारे में अबगत कराया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए मंडल प्रभारी रघुवर तोमर ने बताया कि कलश यात्रा में इकट्ठी हुई बृज की माटी दिल्ली में बनने वाली अमृत वाटिका में जाएगी। नंदगॉव मंडल अध्यक्ष रणवीर सिंह ने बताया कि बलिदानी, वीर वीरांगनाओं को सम्मान देने के लिए मेरी माटी मेरा देश अभियान की शुरूआत की गई है। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि पदम्-फौजी ने बताया कि यह कार्यक्रम भारतीय अखण्डता का प्रतीक है। शहर से लेकर गांव तक प्रत्येक घर की एक मुठ्ठी माटी कलश में एकत्रित की जा रही है। इस अभियान का मकसद सभी को राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्य को याद दिलाना है। इस कलश यात्रा के दौरान सभासद प्रतिनिधि विवेक अग्रवाल, अधिशाषी अधिकारी पूजा सिंह, सभासद भोला पहलवान, सभासद चंद्रशेखर, सभासद प्रतिनिधि कन्हैया ठाकुर, सभासद कमल सिंह, ओबीसी मोर्चा के बबलू बघेल, संजय मानपुर वाले, सभासद विष्णु दूधिया, सभासद राकेश, सभासद प्रतिनिधि राधा चरण, सभासद देवी सिंह, सभासद श्रीराम, रासबिहारी गोस्वामी, राकेश ब्रजवासी, अजित चौधरी,गौरव शर्मा, संजय परमार आदि लोग मौजूद रहे।

## मेरी माटी मेरा देश के अंतर्गत एकत्रित किये चावल व मिट्टी



**फोटो परिचय- राया में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत चावल व मिट्टी एकत्रित करते कार्यकर्ता।**

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
राया में मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत भाजपाइयों व नगर पंचायत द्वारा घर घर जाकर चावल व मिट्टी एकत्रित किये जिन्हे एकत्रित कर केंद्रीय कार्यालय भेजा जाएगा जानकारी देते हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश बंसल ने बताया प्रदेश सरकार की रीति नीतियों से अवगत कराते हुए उन्होंने मेरी माटी मेरा देश अभियान के मुख्य उद्देश्य के बारे मे बताया इस अभियान का मुख्य उद्देश्य स्वतंत्रता सेनानी एवं देश पर शहीद जवानो को एक साथ सम्मान देना है।

भाजपा कार्यकर्ताओ ने घर घर जाकर चावल व मिट्टी एकत्रित किये है। इस दौरान नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी सविता वर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल, भाजपा के वरिष्ठ नेता डा. डीपी गोयल, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश बंसल, ललित मोहन गुप्ता, मोहित अग्रवाल, सभासद रुक्मणि देवी, अमित अग्रवाल, श्यामवीर सिंह, नितेश पाठक, गीता वर्मा, राकेश, रविकांत वर्मा, अजीत चौधरी आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## आयुष्मान भव पखवाड़ा शुरू, ढूंढे जाएंगे लाभार्थी

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
बुधवार से आयुष्मान भव पखवाड़ा विधवतरूप से षुरू हो गया। जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने कलेक्ट्रेट कार्यालय कक्ष में स्वास्थ्य, बाल विकास एवं पुष्टहार, पंचायत राज विभाग के अधिकारियों के साथ आयुष्मान कार्ड की प्रगति के संबंध में समीक्षा बैठक ली। जिलाधिकारी ने आयुष्मान कार्ड की धीमी प्रगति पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अजय कुमार वर्मा से नाराजगी जाहिर की और प्रगति लाने के कड़े निर्देश दिए। सरकार की प्राथमिकता वाली सभी योजनाओं में प्रगति सुनिश्चित करें और सभी जन कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारें। 13 सितंबर से आयुष्मान भव पखवाड़ा कार्यक्रम शुरू किया जायेगा, जिसके लिए सभी स्वास्थ्य केंद्र प्रभारियों को निर्देशित किया है कि सभी पात्र लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाएं और जनपद की प्रगति को प्रदेश में नंबर वन लाया जाए।

## एक करोड़ से अपग्रेड होगा सौ शैया चिकित्सालय का फायर सिस्टम

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
वृंदावन स्थित सौ शैय्या अस्पताल का फायर सेफ्टी सिस्टम और अपग्रेड होगा। अस्पताल प्रबंधन के अथक प्रयास के बाद शासन से इसके लिए करीब सवा करोड़ रुपए की धनराशि अवमुक्त कर दी है। जिसे कार्यदायी संस्था को हस्तांतरित कर दिया गया है। अब अस्पताल प्रबंधन को कार्यदायी संस्था द्वारा कार्य को अमलीजामा पहनाने का इंतजार है। तत्कालीन मायावती सरकार द्वारा नगर वासियों के अलावा आसपास के देहाती इलाकों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने के उद्देश्य से सौ शैय्या अस्पताल का निर्माण कराया था, लेकिन खराब गुणवत्ता के चलते अस्पताल का फायर सेफ्टी सिस्टम कुछ सालों बाद ही जवाब देने लगा। करीब एक दशक से अस्पताल का अग्निशमक भगवान भरोसे ही चल रहा था, हालंकि अस्पताल प्रबंधन द्वारा समय समय पर शासन स्तर तक कागजी कार्यवाही की, लेकिन कोई ठोस नतीजा नहीं निकल पाया। इसी बीच इसी साल अस्पताल के पैथोलॉजी लैब और ऑपरेशन थियेटर में शार्ट सर्किट से आग लगने की घटनाएं भी हुई, लेकिन कोई बड़ा हादसा होने से टल गया।



इसके बाद एक बार फिर अस्पताल प्रबंधन ने शासन को रिमाइंडर पत्र भेजा। इस बार शासन से फायर सेफ्टी सिस्टम के लिए एक करोड़ 16 लाख रुपये स्वीकृत कर लिए दिये गये। कार्यदायी संस्था की तकनीकी टीम द्वारा विधिवत रूप से अस्पताल की मैपिंग का कार्य किया जा रहा है। जिससे भविष्य में किसी परेशानी का सामना न करना पड़े।

# आंदोलन के तीन सप्ताह बाद भी किसानों से कोई मिलने नहीं पहुंचा



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तरी बाईपास पर कट की मांग को लेकर तीन सप्ताह बाद भी किसानों का आंदोलन जारी है। इस बीच किसानों का दर्द इस बात को लेकर बढ़ता जा रहा है कि कोई प्रशासनिक अधिकारी या जनप्रतिनिधि उनसे बात तक करने नहीं पहुंचा।

बुधवार को बड़ी संख्या में किसानों ने भागीदारी की। क्षेत्र के किसानों द्वारा शुरू हुआ आंदोलन 21 वें रोज भी जारी रहा। प्रदेश प्रवक्ता भाकियू टिकैत गजेंद्र परिहार ने कहा कि किसानों की मांग को लेकर शासन ने अभी तक कोई संज्ञान नहीं लिया है। मथुरा प्रशासन किसानों को प्रति कुंभकरणीय नींद में सोया पड़ा है। जिसे जगाने के लिये किसानों को कोई बड़ा कदम उठाना पड़ेगा। मथुरा प्रशासन भी किसानों की चेतावनी को अनदेखा कर रहा है। इस लिए शासन व प्रशासन को जगाने का समय आ गया है। किसान परिवार में हुई आकस्मिक मृत्यु के कारण मंगलवार को मोटरसाइकिल रैली को स्थगित कर दिया गया था। साथ ही सभी किसानों ने आंदोलन स्थल पर मौन धारण कर मृत आत्मा की शांति के लिए परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना की और शोक संतृप्त परिवार को इस दुख की घड़ी में हिम्मत प्रदान करने के लिए परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना की। इस अवसर पर मंडल प्रचार मंत्री गिर्राज परिहार, नीरेश कोयण, रामगोपाल तोमर, राजेन्द्र परिहार, रबिन्द्र प्रधान, ओमप्रकाश, गनेशी परिहार, राजमती, गुड्डी देवी, इंदिरा देवी, राजकुमारी, रानी, शांता देवी, रामादेवी, राजकुमारी, लालाराम, मेम्बर, कोमल सिंह, नेत्रपाल प्रधान,राजू प्रधान,विनोद दीक्षित सहित बड़ी संख्या बल के साथ किसान मौजूद रहे।

# ग्रामीणों ने लगाया सड़क निर्माण में धांधली का आरोप



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
वर्षों से सौसा से माधुरी कुंड जाने वाले मार्ग को लेकर ग्रामीण परेशान थे। वहीं जब इस मार्ग की निर्माण होने की बारी आई तो मार्ग बनाने में विभागीय अधिकारी लीपापोती करने में लगे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि इस मार्ग में घटिया सामग्री प्रयोग में लाई जा रही है तो वही तारकोल की जगह पर काले तेल का प्रयोग किया जा रहा है।जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है तो वहीं ग्रामीणों ने निर्माण कार्य को लेकर उच्च अधिकारियों से समस्या के समाधान की मांग की है।वही ग्रामीण बताया कि जिस सड़क मार्ग का कार्य मशीन द्वारा किया जाना था वही यह लोग इस सड़क मार्ग को हाथ से बना रहे हैं साथ ही बारिश के समय इस सड़क निर्माण कार्य को किया जा रहा है। जिससे बारिश आने पर यह सड़क उखड़ जाएगी और फिर से लोगों को कीचड़ और जल भराव से ही गुजरना पड़ेगा।ग्रामीण ने मामले जांच कर जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।वही इस मोके पर सोनू सिंह,गोपाल सिंह रमेश भूतपूर्व प्रधान बालो सतीश अशोक केशव देव पूरन सिंह आदि ग्रामीण लोग मौजूद रहे।

